Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:52 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 7:13 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 191 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. बुधवार, 22 जनवरी 2025
इमरजेंसी-आजाद को सिनेमाघरों...पेज-3 पर

## प्रयागराज महाकुंभ में सीएम योगी की कैबिनेट बैठक

**प्रयागराज**

**एजेंसी**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में महाकुंभ 2025 में एक विशेष कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की।

यूपी सरकार की प्रयागराज में महाकुंभ 2025 में विशेष कैबिनेट बैठक चल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को त्रिवेणी संकुल, प्रयागराज में मंत्रिपरिषद की बैठक चल रही है। महाकुंभ 2025 में आज यूपी सरकार द्वारा विशेष कैबिनेट बैठक आयोजित किए जाने पर उत्तर प्रदेश के मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा, हमें कैबिनेट बैठक के बाद ही जानकारी दी जाएगी। उसके बाद सभी मंत्री एक साथ गंगा में डुबकी लगाने जाएंगे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के हरिद्वार दौरे पर उन्होंने कहा कि गंगा तो वहां भी है, चाहे कोई हरिद्वार में नहाए या यहां (महाकुंभ में)... उसे वहां (हरिद्वार में) भी डुबकी नहीं लगानी चाहिए। प्रयागराज महाकुंभ क्षेत्र में आज होने वाली कैबिनेट बैठक पर यूपी के मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि ...हमें खुशी है कि कुंभ का आयोजन इतने भव्य तरीके से हो रहा है। हम इसके लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को बधाई देते हैं। दुनिया भर से लोग कुंभ में आने के लिए उत्साहित हैं। आज यहां कैबिनेट की बैठक है, जिसके बाद हम पवित्र स्नान करेंगे...सीएम चाहते हैं कि राज्य के हर जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित हों। इस पर आज प्रस्ताव आएगा।

एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कई फैसले लिए जाएंगे। प्रयागराज महाकुंभ क्षेत्र में आज कैबिनेट की बैठक पर उत्तर प्रदेश के मंत्री एके शर्मा ने कहा, आज यहां कैबिनेट की बैठक हो रही है। आज लिए गए कैबिनेट के फैसले यहां हो रहे विकास को और आगे बढ़ाएंगे।

## अगस्तमुनि जा रहा वाहन खाई में गिरा, महिला फार्मासिस्ट की मौत

**श्रीनगर गढ़वाल**

**हमारे संवाददाता**

वाहन श्रीनगर से अगस्तमुनि की ओर जा रहा था। तभी अचानक वाहन महिला समेत खाई में जा गिरा। किसी ने सूचना एसडीआरएफ, डीडीआरएफ को दी। रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड हाईवे पर भटवाड़ीसैंण में बुधवार को दर्दनाक हादसा हो गया। श्रीनगर से अगस्तमुनि जा रहा वाहन खाई में गिर गया। इस दौरान हादसे में महिला फार्मासिस्ट की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, घटना सुबह करीब पौने नौ बजे हुई। वाहन श्रीनगर से अगस्तमुनि की ओर जा रहा था। तभी अचानक वाहन महिला समेत खाई में जा गिरा। किसी ने सूचना एसडीआरएफ, डीडीआरएफ को दी। टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू कर महिला को बाहर निकाला तो महिला गंभीर रूप से घायल थी। महिला को तुरंत 108 एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक महिला की पहचान कुशमलता (42) पत्नी राजीव कुमार, निवासी अगस्त्यमुनि के रूप में हुई है। महिला उखीमठ के परकंडी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में फार्मासिस्ट के पद पर तैनात थीं।












# तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठानों का समापन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के ठंडी सड़क स्थित श्री मां पाषाण देवी मंदिर का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह मंगलवार को विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान जहां प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली मर्तबा मंदिर परिसर में नीब करौरी बाबा की प्रतिमा की स्थापना की गयी वहीं दूसरी ओर हवन पूजन समेत अन्य अनुष्ठानों की समाप्ति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया,खास बात यह रही कि अबकी बार भक्तजनों को भंडारे में मालपुएं भी प्रसाद के रुप में दिए गए।

इससे पूर्व मंदिर के मुख्य पुजारी जगदीश चंद्र भट्ट के नेतृत्व में सुबह 8 बजे से श्री गणेश पूजन के बाद अखंड रामायण पाठ की समाप्ति के बाद नीम करौरी बाबा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गयी,उसके बाद पूजन, हवन के बाद पूर्णाहुति के बाद अपराह्न एक बजे से कन्या पूजन किया गया। कन्या पूजन के तुरंत बाद श्री मां का समिष्ट भंडारा शाम को 6 बजे तक चला। दिनभर चले



धार्मिक अनुष्ठानों को सफल बनाने में आचार्य पंडित भगवती प्रसाद जोशी, घनश्याम जोशी व अमित डालाकोटी भक्तिभाव से जुटे रहे जबकि अनुष्ठानों में यजमान के रुप में विनोद तिवारी, राजेंद्र सिंह बिष्ट, मोहित साह, शैलेंद्र चौधरी,पंकज भट्ट व धीरज भट्ट सपत्निक शामिल हुए जबकि अखंड रामायण पार्टी में गौरव जोशी, बसंत पांडे, रोहित भट्ट,कैलाश पलड़िया,उदय बिष्ट व कुनाल की अहम भूमिका रही। समारोह को सफल बनाने में नवीन तिवारी, राजेश मिश्रा, प्रमोद सुयाल, नवीन चौधरी, पप्पू बिष्ट, दीपक मनराल, देवांश पंत, उत्कर्ष सती, जतिन सती, भगवान सिंह बिष्ट, आयुश भंडारी,गुलशन, मंजू रौतेला,किरन साह,शोभा तिवारी,गीता पांडे,हेमा पंत, कविता सती,गीता जोशी,रोशनी व अंजलि आदि भक्तजन भक्तिभाव से जुटे रहे। इस बीच मंदिर के पुजारी जगदीश चंद्र भट्ट ने तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में भक्तजनों की ओर से दिए गए विशेष सहयोग के लिए उनका आभार जताया है।

## NEWS / फटाफट

### प्रत्याशी जीवंती भट्ट के समर्थन में भव्य रैली निकाली



**नैनीताल।** नगर पालिकाध्यक्ष चुनाव की तैयारी को लेकर मंगलवार को भाजपा मंडल नैनीताल के कार्यकर्ताओं ने विधायक सरिता आर्या के नेतृत्व में पालिकाध्यक्ष पद की अधिकृत प्रत्याशी जीवंती भट्ट के समर्थन में भव्य रैली भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया। बता दें कि सबसे पहले सभी पार्टी कार्यकर्ता नगर के बिरला चुंगी में एकत्रीकरण हुए। उसके बाद कार्यकर्ताओं ने वहां से रैली निकाली जो तारा हाल रोड, बस्ती होते हुए हनुमान मंदिर, चूना धारा होते हुए रामलीला ग्राउंड, सात नंबर, चार्टन लॉज,अमरालय तथा पोस्ट ऑफिस होते हुए मोहन को चौराहे पर समाप्त हुई। रैली में भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा कार्यकर्ता और स्थानीय निवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी के झंडे और पोस्टर उठाए और नगर पालिकाध्यक्ष चुनाव में भाजपा उम्मीदवार को विजयी बनाने की अपील की। भाजपा नेताओं ने कहा कि पार्टी नगर में विकास कार्यों को प्राथमिकता देगी और नागरिकों की समस्याओं का समाधान करेगी। कार्यकर्ताओं ने भारी जोश और उत्साह के साथ रैली में भाग लिया जो पूरे नगर में आकर्षण का केंद्र बनी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनता से अपील की वे चुनाव में भाजपा को समर्थन दें ताकि नगर में विकास की गति तेज हो सके।

### पैचिंग उखड़ने के बाद वाहन चालकों के लिए खतरा



**नैनीताल ।** नैनीताल- हल्द्वानी राष्ट्रीय मार्ग पर हाल ही में किया गया पैचिंग कार्य उखड़ने के बाद सड़क पर बजरी का ढेर लग गया है जो वाहन चालकों के लिए एक बड़ा खतरा बन गया है। बता दें कि मंगलवार को यह मामला सामने आया जब पैचिंग कार्य में प्रयुक्त सामग्री उखड़ गई और सड़क पर बिखरी हुई बजरी का ढेर दिखाई देने लगे। पैचिंग कार्य के दौरान सड़क पर डाले गए सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं क्योंकि हाल ही में किया गया पैचिंग वर्क की पूरी तरह से खराब हो चुका है और सड़क पर फैली हुई बजरी वाहन चालकों के लिए फि सलन का कारण बन रही है जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। मामले में सहायक अभियंता प्रमोद सुयाल ने बताया कि सड़क का निरीक्षण कर सड़क पर फैली बजरी को साफ करवाया जाएगा।

### सनातन के अपमान से ब्राह्मण हुए आहत



**हल्द्वानी।** पिछले दिनों भाजपा प्रत्याशी गजराज़ बिष्ट ने कांग्रेस प्रत्याशी पर बनभूलपुरा में बंद कैमरो में सनातन के अपमान के आरोप लगाए थे जिससे हल्द्वानी के ब्राह्मण आहत हुए हैं। उन्होंने प्रेस कर सभी हिन्दुओं विशेषकर सभी ब्राह्मणों (पंडित पुरोहितों) से एकजुट होकर सनातन धर्म की रक्षा के लिए भाजपा का समर्थन करने की अपील की। प्रेस वार्ता में आचार्य संजय जोशी ने कहा की सनातन धर्म का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सनातनियों की उदारता और शांतिप्रिय प्रवृत्ति को कमजोरी समझना भारी भूल होगी। अपने धर्म की रक्षा के लिए सनातन धर्म के लोग अपनी जान की परवाह भी नहीं करते। वार्ता में मनोज कांडपाल, सुभाष जोशी, खिमानन्द जोशी, नविन कांडपाल और विपिन बहुगुणा उपस्थित रहे।

# तल्लीताल बाजार में अब नजर नहीं आएगा तारों का बिखरा जाल

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला मुख्यालय नैनीताल के तल्लीताल बाजार में अब तारों का बिखरा जाल नजर नहीं आएगा। बिजली विभाग की ओर से जल्द बिजली समेत अन्य इंटरनेट की लाइनों को भी अंडरग्राउंड कर दिया जाएगा। डीएम वंदना सिंह के निर्देश पर टीम ने निरीक्षण कर मौका मुआयना किया। बता दें कि पूर्व जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल की ओर से आरडब्ल्यूडी ने तल्लीताल बाजार में इंद्रा फ र्मेसी से क्रांति चौक तक सौंदर्यीकरण कार्य किया था जिसमें बाजार में झूलते बिजली व अन्य तारों को भी भूमिगत करने के लिए पाइप डाले गए थे लेकिन कई जगह पाइप बंद होने से विभाग उपभोक्ता के मीटर तक भूमिगत तार नहीं पहुंचा पाया। लोगों की शिकायत के बाद अब डीएम वंदना सिंह के निर्देश पर ऊर्जा निगम के साथ अन्य विभागों नगर पालिका, जल संस्थान तथा आरडब्ल्यूडी की संयुक्त टीम ने सोमवार को क्षेत्र का निरीक्षण किया। ऊर्जा निगम के ईई एसके सहगल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर पाइप चोक नजर आए वहीं बनाए गए चैंबरों में पानी भर रहा है जिसकी निकासी के इंतजाम नहीं है। बताया कि संबंधित विभागों को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

# भाजपा के मेयर प्रत्याशी गजराज के समर्थन में युवा मोर्चा की बाइक रैली

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

भाजपा मेयर प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट के समर्थन युवा मोर्चा द्वारा एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली एम बी इंटर कॉलेज खेल मैदान से प्रारंभ हुई और नैनीताल रोड, काठगोदाम होते हुये नगर के प्रमुख क्षेत्रों से निकली । जिसमें भारी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और युवा शक्ति द्वारा भाजपा मेयर प्रत्याशी गजराज बिष्ट के पक्ष में समर्थन जुटाया । इस मौके पर युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत ने कहा युवाओं के हितों की रक्षा करने वाली धामी सरकार के नकल विरोधी कानून के लागू होने से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवा वर्तमान में कई परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। युवाओं में भाजपा सरकार के प्रति उत्साह है , नगर निगम क्षेत्र के युवा द्वारा बाइक रैली में अपने उत्साह का प्रदर्शन कर मेयर प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट को अपना समर्थन देकर स्थानीय जनता से भाजपा को विजयी बनाने की अपील की। भाजपा प्रत्याशी गजराज बिष्ट ने जनता से अपने पक्ष में वोट की अपील की।




## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म मै0 जनता फ्रूट का पंजीकरण उपनिबन्धक कार्यालय हल्द्वानी में किया गया था जिसमें आज दिनांक-2.12.2024 से श्री निरंजन लाल व श्री कृष्ण गोपाल गुप्ता तथा श्रीमती धनवन्ती फर्म से अलग हो गए हैं, यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो उप निबन्धक कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। - **भागीदार**

## निकाय चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना

**अल्मोड़ा।** निकाय चुनाव के लिए बुधवार को जीआईसी अल्मोड़ा से 40 पोलिंग पार्टियां अपने-अपने पोलिंग बूथ के लिए रवाना हुई। अल्मोड़ा जिले के लिए 59 पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया है। रुद्रपुर के बगवाड़ा में मतदान सामग्री लेने पोलिंग पार्टी में शामिल कर्मचारी पहुंच रहे है। मतदान सामग्री का मिलान के बाद पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों को रवाना होगी।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# कांग्रेस ने रुद्रपुर में निकाली परिवर्तन यात्रा में दिखाई ताकत

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

**प्रचार**

● पार्षद प्रत्याशी समर्थकों के साथ एकत्र हुए

कांग्रेस मेयर प्रत्याशी मोहन लाल खेड़ा एवम पार्षद प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन जिला एवं महानगर कांग्रेस की ओर से परिवर्तन रैली निकाली गई। इसमें जन सैलाब उमड़ पड़ा।

मंगलवार की दोपहर गल्ला मंडी में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता के साथ पार्षद प्रत्याशी समर्थकों के साथ एकत्र हुए थे। यहां श्री खाटू श्याम और श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद मेयर प्रत्याशी मोहन लाल खेड़ा, विधायक तिलक राज बेहड़, जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा, मीना शर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा सहित तमाम नेताओं ने परिवर्तन रैली निकाली। बेहड़ ने हाथ में प्रीपेड मीटर लेकर जनता से भाजपा को उखाड़ फेंकने के लिए कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। कहा कि यदि भाजपा फिर जीतती है तो जनता का जीना दुश्वार हो जाएगा। मेयर प्रत्याशी मोहन खेड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार रुद्रपुर में प्रीपेड मीटर लगाने की जोरशोर से तैयारी कर रही है। कांग्रेस का मेयर बनने पर किसी भी हालत में रुद्रपुर में पार्टी प्रीपेड मीटर नहीं लगने देगी। भाजपा की जब से सरकार बनी है तब से गरीबों का शोषण कर रही है। अब परिवर्तन का समय आ गया है। वहां अरुण शुक्ला, संदीप चीमा, हरीश अरोरा, फरीद मंसूरी, अनिल शर्मा, चिराग कालड़ा, नवीन खेड़ा आदि थे।

# कांग्रेस कार्यर्ताओं ने निकाली विशाल रैली

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कांग्रेस के नगर अध्यक्ष पद प्रत्याशी डॉ. सरस्वती खेतवाल के समर्थन में पार्टी कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को मल्लीताल स्थित श्री राम सेवक सभा प्रांगण से विशाल रैली का आयोजन किया। रैली के माध्यम से जनता से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील कर कहा चुनाव में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित है। भारी संख्या में लोग रैली में शामिल हुए।



बता दें कि रैली श्री राम सेवक सभा प्रांगण से मल्लीताल बजार, मॉल रोड तथा तल्लीताल बाजार से होते हुए अंत में तल्लीताल गांधी चौक में समापन हुआ। जिसमें बाइक रैली भी निकाली गई। इस दौरान डॉ. सरस्वती खेतवाल ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद नैनीताल पालिका क्षेत्र में शौचालय,सीसीटीवी कैमरे, विश्राम स्थल तथा सफ ाई व्यवस्था समेत स्ट्रीट लाइट अन्य मुद्दों पर कार्य किया जाएगा। कहा कि वार्डों के साथ पालिकाध्यक्ष पद पर भी कांग्रेस विजय का परचम लहराएगी। कहा कि 8 साल से बंद पड़े शरदोत्सव को फि र से शुरू किया जाएगा। इसके अलवा शहर की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

इस दौरान पूर्व विधायक संजीव आर्य समेत डॉ. महेंद्र सिंह पाल,वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री मुन्नी तिवारी,पूर्व पालिकाध्यक्ष सचिन नेगी,नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुपम कबडवाल, पूर्व दर्जा मंत्री डा.रमेश चंद्र पांडे व रईस भाई, त्रिभुवन सिंह फ र्तियाल, धीरज बिष्ट, व्यापार मण्डल मल्लीताल के अध्यक्ष किशन सिंह नेगी समेत हिमांशु पांडे, रुचिर साह, संजय कुमार, राजीव लोचन साह, कैलाश जोशी, दिनेश चंद्र सिंह खेतवाल, सैय्यद नदीम मून, जीत सिंह आनंद,डा. भावना भट्ट,सुरेश कुमार, कमला कुंजवाल, विमल चौधरी,कैलाश अधिकारी, भुवन जोशी, गिरीश जोशी,संजय कुमार, गोपाल बिष्ट, प्रमोद कुमार,दीपक कुमार ,नरेंद्र कुमार,जीत सिंह आनंद,पवन जाटव, नितिन जाटव, कुंदन बिष्ट, तथा दीपक रुवाली समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहें।

# अभिमत

## खनन पर सवाल

***खड़िया खनन से भवनों में दरारें पड़ गईं। कोर्ट कमिश्नर की रिपोर्ट के अनुसार खड़िया खनन करने वालों ने वन भूमि के साथ ही सरकारी भूमि में भी नियम के विरुद्ध खनन किया। पहाड़ी दरकने लगी है। बड़े हादसे का अंदेशा है। हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए न्याय मित्रों की नियुक्ति करके गांव वालों की समस्या जानने का आदेश दिया था। गांव वालों का कहना है कि उनकी बात न तो जिलाधिकारी सुन रहे हैं और न ही मुख्यमंत्री तथा प्रशासन की ओर से संज्ञान लिया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि घर, मंदिर, पहाड़ पर बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं।***

उत्तराखंड में नदियों से रेता-बजरी और पर्वतीय क्षेत्र में खड़िया खनन में नियमों का पालन नहीं होने की शिकायत हमेशा प्राप्त होती रहती हैं। हाईकोर्ट ने बागेश्वर में खड़िया खनन पर रोक लगा दी है। बागेश्वर की कांडा तहसील के कई गांवों में खड़िया खनन से भवनों में दरारें पड़ गईं। कोर्ट कमिश्नर की रिपोर्ट के अनुसार खड़िया खनन करने वालों ने वन भूमि के साथ ही सरकारी भूमि में भी नियम के विरुद्ध खनन किया। पहाड़ी दरकने लगी है। बड़े हादसे का अंदेशा है। हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए न्याय मित्रों की नियुक्ति करके गांव वालों की समस्या जानने का आदेश दिया था। गांव वालों का कहना है कि उनकी बात न तो जिलाधिकारी सुन रहे हैं और न ही मुख्यमंत्री तथा प्रशासन की ओर से संज्ञान लिया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि घर, मंदिर, पहाड़ पर बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं। बारिश के मौसम में भूस्खलन का खतरा बना रहता है। कृषि भूमि नष्ट हो रही है। हाईकोर्ट ने डीएफओ, राज्य स्तरीय पर्यावरण सुरक्षा अथॉरिटी, जिला खनन अधिकारी से जवाब तलब किया है। अवैध खनन सिर्फ बागेश्वर तक सीमित नहीं है। पूरे उत्तराखंड में खनन माफिया सक्रिय हैं। खनन कार्य में नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। अवैध खनन में वन विभाग और प्रशासन की मिलीभगत है। सभी राजनीतिक दलों से संबंधित लोग भी अवैध खनन के मामले में दूध के धुले नहीं हैं। उत्तराखंड को पिछड़ा राज्य कहना कतई उचित नहीं है। देवभूमि कहे जाने वाले उत्तराखंड में प्राकृतिक सम्पदा का अकूत भंडार है। पर्वतीय राज्य का 65 प्रतिशत भूभाग वन है। विशाल पेड़ों के साथ जड़ी-बूटियों की अमूल्य संपदा है। लकड़ी माफिया जंगल में हरे-भरे पेड़ों को काटकर मालामाल हो रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण में वनों का महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन पेड़ कटने से वन क्षेत्र सिमटता जा रहा है। राज्य सरकार का तर्क है कि वन क्षेत्र में पेड़ काटने की अनुमति नहीं होने से विकास कार्य बाधित हो रहे हैं। वन क्षेत्र में पेड़ काट कर सड़क बनाने की अनुमति नहीं है, इसलिए केन्द्र सरकार से राज्य ग्रीन बोनस की मांग करता रहा है। इसका दूसरा पहलू यह है कि अवैध रूप से पेड़ काटकर कालोनियां विकसित की जा रही हैं। नदियों से पत्थर, रेता-बजरी का खनन अवैध रूप से होता है और राजस्व प्राप्त नहीं होता है। प्राकृतिक संपदा का नियोजित तरीके से सदुपयोग नहीं किया गया तो पहाड़ के अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो जाएगा।

# 200वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**




संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को शीघ्र जारी करने को लेकर किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधारोपण आंदोलन मंगलवार को 200वें दिन भी जारी रहा। सिने अभिनेता हेमंत पांडे के नेतृत्व में मंगलवार को पिथौरागढ़ स्थित गुरना देवी मंदिर परिसर में कुमाऊं मंडल विकास निगम पिथौरागढ़ के कर्मचारियों वह गुरना के स्थानीय निवासियों ने 200 पौधों का रोपण किया।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि मंगलवार को समूचे कुमाऊं और गढ़वाल मंडल की इकाइयों में 2000 पौधों का रोपण किया गया । उन्होंने कहा कि 3 जुलाई से चले अपने तरह के राज्य में ही नहीं अपितु देश में पहले पौधारोपण आंदोलन के तहत 37000 पौधों का रोपण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि निगम की सभी इकाइयों के परिसर सहित विभिन्न स्थलों पर कर्मचारियों द्वारा पौधा रोपण किया गया साथ ही बृहद स्तर पर स्वच्छता कार्यक्रम भी चलाए गए ।उन्होंने कहा कि आज गुना देवी मंदिर परिसर में सिने अभिनेता हेमंत पांडे ने पौधारोपण करते हुए कहा कि जहां लोग आंदोलन का मतलब धरना प्रदर्शन बंद समझते थे। कुमाऊं मंडल में महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश कपकोटी, उपाध्यक्ष गौतम कुमार तथा पीतांबर दुमका, जिलाध्यक्ष महेश कुमार दास,हरीश पुनेठा,वेद प्रकाश भट्ट के नेतृत्व में भी बृहद स्तर पर पौधा रोपण कार्यक्रम किया गया। गुरना देवी मंदिर परिसर में पौधारोपण करने वालों में बबीता थापा, चंद्र कला, विजया, आशा, हर सिंह, शेर सिंह, वेद प्रकाश, राजेंद्र सिंह, सौरभ खोलिया, भगवान सिंह, नीरज, शोभा राम, भूपेश मनोला सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे। जनपदों से भी पौधारोपण के साथ-साथ विभिन्न माध्यमों से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किए गए।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम पूनम कुमारी से बदलकर पूनम कुमार रख लिया है अतः भविष्य में मुझे पूनम कुमार नाम से जाना, पहचना जाए। - **पूनम कुमार पत्नी अजय कुमार, फ्लैट नं0- A2 महानन्दा टावर-1, लेन-6, रोयल एन्क्लेव, कमलुवागांजा, हल्द्वानी ( नैनीताल )**

## सूचना

मेरी Met Life Policy सं0- 21685450 में मेरा नाम कमल किशोर आर्या (KAMAL KISHOR ARYA) S/O श्री दया कृष्ण आर्य (DAYA KRISHNA ARYA) दर्ज है जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम कमल किशोर (KAMAL KISHOR) S/O दया कृष्ण (DAYA KRISHANA) दर्ज है यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानि कि मेरे और मेरे पिता के ही हैं हमें इन दोनों नामों से जाना और पहचाना जाए। -S/O दया कृष्ण (DAYA KRISHANA) न्यू म्यूनिसिपल क्वा0 नं02 नैनीताल, तल्लीताल उत्तराखण्ड- 263002

# कुमाऊंनी होली गायन के अवसर पर मातृ शक्तियों को विशेष रुप से सम्मानित किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**




कुमाऊंनी होली गायन के विशेष मौके पर पारम्परिक लोक संस्था परम्परा नैनीताल ने कई मातृ शक्तियों को विशेष रुप से सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वालों में वरिष्ठ लोक गायिका बीना तिवारी, गायिका, अभिनेत्री व लेखिका हेमा हरबोला, लोक गायिका/ अभिनेत्री मांगल, शकुनाखर गायिका लता कुंजवाल, गायिका व संस्कृति कर्मी गीत एवं नाटक प्रभाग नैनीताल की फ नकार शर्मिष्ठा चक्रवर्ती बिष्ट, गायिका/ अभिनेत्री/शिक्षिका बीना जोशी तथा डिम्पल जोशी को सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चन्द्रशेखर तिवारी रहे जबकि कार्यक्रम के प्रायोजक महेश चंद्र जोशी (प्रक्षिशक सेवा निवृत्त गीत एवं नाटक प्रभाग नैनीताल तथा संस्कृति कर्मी श्री नन्दा बल्लभ भट्ट द्वारा सम्मानित किया गया। बता दें कि पारम्परिक लोक संस्था परंपरा वर्ष 1996 से यह कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है। वर्ष 2004 से 2025 तक परम्परा उत्तराखंड की 58 विभूतियों को चिन्हित कर सम्मानित कर चुकी हैं तथा कुमाऊंनी लोक संस्कृति के विविध आयामों की जानकारी कार्यशालाओं के माध्यम से युवाओं को देती आ रही है। होली गायन में मुख्य गायकों में संदीप गोरखा, कैलाश जोशी गायन और संगत में धनीधर पाण्डे, ललित जोशी, प्रेम गोस्वामी, एकल गायन में शर्मिष्ठा बिष्ट, हेमा हरबोला, लता कुंजवाल, डिम्पल जोशी, बीना जोशी के अतिरिक्त शर्मिष्ठा बिष्ट जी के संगीत निर्देशन में उनकी शिष्याओं के द्वारा भी होली गायन प्रस्तुत किया गया। संचालन वरिष्ठ प्रख्यात उद्घोषक हेमन्त बिष्ट ने किया। अंत में पारम्परिक लोक संस्था परम्परा के निदेशक/ संस्कृति कर्मी व प्रसिद्ध छायाकार बृजमोहन जोशी ने सभी अतिथियों, कलाकारों, आगुंतकों व श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।

# फिल्मी दुनिया

## इमरजेंसी–आजाद को सिनेमाघरों में नहीं मिल रहे दर्शक



*फिल्म इमरजेंसी और आजाद को रिलीज हुए हफ्ता भर भी नहीं हुआ है और दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टिक नहीं पा रही हैं। वहीं फतेह और गेम चेंजर का भी हाल बेहाल है। 17 जनवरी को सिनेमाघरों में एक साथ रिलीज हुई थी फिल्म इमरजेंसी और आजाद। दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिर गई हैं। इसके अलावा 10 जनवरी को रिलीज हुई गेम चेंजर और फतेह भी दर्शकों को कुछ खास रास नहीं आ रही है। आइए जानते हैं कि मंगलवार को इन फिल्मों ने कितने की कमाई की है।*

*फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत ने भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री की भूमिका निभाई है। इस फिल्म में कंगना ने अभिनय के साथ ही फिल्म का निर्देशन भी किया है। यह फिल्म इंदिरा गांधी के भारत में लगाए गए आपातकाल पर आधारित है। हालांकि, सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज तो हुई, लेकिन दर्शक जुटाने में असफल रही। स्कैनलिंक के अनुसार, फिल्म ने पहले दिन शुक्रवार को 2 करोड़ 50 हजार रुपये का कलेक्शन किया। वहीं दूसरे दिन शनिवार को फिल्म ने 3 करोड़ 60 लाख रुपये का करोबार किया। रविवार को फिल्म ने 4 करोड़ 25 लाख रुपये का बिजनेस किया। चौथे दिन सोमवार को फिल्म ने 1 करोड़ 5 लाख रुपये का कलेक्शन किया। वहीं पांचवें दिन फिल्म सिर्फ 1 करोड़ रुपये का ही बिजनेस कर पाई। कुल मिलाकर इमरजेंसी ने अब तक 12 करोड़ 40 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। राशा थडानी और अमन देवगन की बॉलीवुड डेब्यू की शुरुआत फीकी रही। फिल्म ने पहले दिन महज 1 करोड़ 5 लाख रुपये का कलेक्शन किया। वहीं दूसरे दिन शनिवार को फिल्म ने 1 करोड़ 30 लाख रुपये का कारोबार किया है। रविवार को फिल्म ने 1 करोड़ 75 लाख रुपये और चौथे दिन सोमवार को फिल्म का कलेक्शन महज 65 लाख रुपये रह गया। मंगलवार को फिल्म की कमाई और गिर गई और महज 55 लाख रुपये का ही कारोबार कर पाई। कुल मिलाकर फिल्म आजाद ने 5 करोड़ 75 लाख रुपये का कलेक्शन किया है।*

# भवाली में भाजपा प्रत्याशी प्रकाश का मेगा रोड शो

**भवाली**

**हमारे संवाददाता**

भाजपा के अध्यक्ष पद प्रत्याशी प्रकाश आर्य ने मंगलवार को मेगा रोड शो निकाल जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील करी कहा कि वे भवाली को अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस करने का समग्र विकास का विजन लेकर आगे बढ़ रहे है कहा कि उनके पास शुरुवाती 100 दिनों में किये जाने वाले कार्यो के साथ ही आने वाले 25 साल का रोडमैप तैयार है कहा कि भवाली को स्मार्ट नगर बनाने के लिए वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में नगर की महत्वपूर्ण योजनाओ पर दिन रात काम करेंगे। रैली में पूर्व मंत्री गोविंद सिंह बिष्ट निर्वितमान पालिकाध्यक्ष संजय वर्मा बालम सिंह मेहरा पंकज अद्वेति अम्बा दत्त आर्य जुगल मठपाल राजेन्द्र प्रसाद कपिल रविन्द्र क्वीरा कंचन साह हिमांशु बिष्ट मोहम्म्द जावेद हरीश आर्य लवेंद्र क्वीरा विक्रम क्वीरा आयुष कुमार प्रगति जैन उमा पढालनी भगवती सुयाल सुधा आर्य भारती कुरिया शालनी आर्य सहित सैकड़ो की संख्या में महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।



News कॉर्नर

## बैंककर्मियों की प्रताड़ना से परेशान किसान ने जहर खाकर दी जान

**रुड़की।** सुसाडी गांव निवासी सुनील दत्त ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके परिजन सुधीर कुमार ने यूनियन बैंक की शाखा से ऋण लिया था। आर्थिक स्थिति ठीक न होने की वजह से वजह से वह ऋण नहीं चुका पा रहा था। बैंक प्रबंधक व दो कर्मचारियों की प्रताड़ना से तंग आकर एक किसान ने जहर खाकर जान दे दी। मृत्यु से पूर्व किसान ने जहर खाने के लिए बैंक प्रबंधक व दो कर्मचारियों को जिम्मेदार ठहराया था। किसान का कहना था कि ऋण वसूली के लिए बैंक प्रबंधक और दो कर्मचारी उसे व उसके परिवार को प्रताड़ित कर रहे थे। पुलिस ने मामले में आरोपी प्रबंधक व दोनों कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। झबरेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि सुसाडी गांव निवासी सुनील दत्त ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके परिजन सुधीर कुमार ने यूनियन बैंक की शाखा से ऋण लिया था।

## 23 को निकाय चुनाव के दिन पूरे प्रदेश में अवकाश

**देहरादून।** पूर्व में जो आदेश जारी किया गया था, उसमें केवल निकाय क्षेत्रों में ही अवकाश की व्यवस्था की गई थी। मंगलवार को संशोधित आदेश जारी कर दिया। उत्तराखंड में निकाय चुनाव के मद्देनजर 23 जनवरी को पूरे प्रदेश में सभी सरकारी, निजी प्रतिष्ठानों में अवकाश रहेगा। सचिव विनोद कुमार सुमन ने मंगलवार को इस संबंध में संशोधित आदेश जारी कर दिया। पूर्व में जो आदेश जारी किया गया था, उसमें केवल निकाय क्षेत्रों में ही अवकाश की व्यवस्था की गई थी। मंगलवार को जारी आदेश के मुताबिक, अब 23 जनवरी को पूरे प्रदेश में सभी राजकीय कार्यालय, शिक्षण संस्थान, अर्द्ध शासकीय संस्थान, निगम, परिषद, वाणिज्यिक, निजी प्रतिष्ठानों में कार्मिकों, कारीगरों, मजदूरों को मताधिकार के लिए सवेतन अवकाश दिया जाएगा।

# राष्ट्रीय खेलों के शुभंकर मौली का सिंथिया व बीजी बीज स्कूल में स्वागत

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



38 वें राष्ट्रीय खेलों के प्रति स्कूली छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों को जागरूक करने के उद्देश्य से और खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज 22 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय खेलों के शुभंकर मौली का सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल व बीजी बीज स्कूल में हार्दिक अभिनन्दन किया गया।

प्रधानाचार्य प्रवीन्द्र कुमार रौतेला ने शुभंकर मौली का स्कूल परिसर में स्वागत किया और उनके स्कूल में आकर छात्र, शिक्षकों व अभिभावकों से मिलने को खेल के लिए एक अच्छी पहल बताया, उन्होंने कहा कि इससे छात्रों का खेलों के प्रति रुझान बढ़ेगा। इस दौरान खेल प्रतिनिधि प्रियांशु भाटिया ने छात्रों को खेल को जीवन का अभिन्न अंग बनाने को कहा तथा 26 जनवरी से इस बार उत्तराखंड में प्रारम्भ हो रहे राष्ट्रीय खेलों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा. इससे पूर्व व शुभंकर का स्कूल के शिक्षकों, अभिभावकों व छात्रो ने जोरदार स्वागत किया उनसे हाथ मिलाया, बातचीत की तथा फोटो लेकर रोमांचित महसूस किया छात्रों ने शुभंकर से मिलने के लिए जबरदस्त उत्साह देखा गया. इस दौरान निदेशक ओम पाल सिंह, प्रधानाचार्य डॉ.प्रवीन्द्र कुमार रौतेला, एस सी मिश्रा, अकेडमिक कोर्डिनेटर बी बी जोशी, महेश जोशी, सीनियर कोर्डिनेटर प्रदीप मित्रा, अनिका वर्मा, मोहन जोशी, रुचिता पाण्डेय, रीता मेलकानी, त्रिभुवन जोशी, नीमा पाण्डेय, पूनम बिष्ट, एस एस कपकोटी, बी सी सती, बी एस बजेठा, पुष्कर सिंह राजपूत आदि समेत बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र व अभिभावक उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा के भव्य आयोजन के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**हल्द्वानी।** काठगोदाम पुरानी चुंगी स्थित फिल्टर हाउस के समीप गोल्ज्यू धाम मंदिर में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य मंगल कलश यात्रा के आयोजन के साथ हुआ। पारंपरिक परिधानों से सजी महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर मंगल गीतों की सुंदर प्रस्तुति के साथ चित्रशिला घाट रानीबाग तक प्रस्थान किया कलश यात्रा के साथ-साथ श्रद्धालुओं का काफिला भी चल रहा था तथा पूरा माहौल भक्ति रस से सराबोर दिखाई दिया, बाद में कथा स्थल पर पहुंचने के बाद युवा व्यास कपिल देव जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि देव ऋषि नारद द्वारा सनकादिक ऋषियों के मार्गदर्शन में ज्ञान भक्ति व वैराग्य को श्रीमद् भागवत की कथा सुनाई उस कथा के प्रभाव से भक्ति को श्री हरि नारायण की कृपा प्राप्त हुई और ज्ञान तथा वैराग्य फिर से अपनी युवावस्था को प्राप्त हुए अर्थात जो ज्ञान और वैराग्य लुप्त सा हो गया था वह श्रीमद् भागवत कथा के प्रभाव से फिर से जागृत है उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा के महात्म्य को और आगे बढ़ाते हुए कहा कि यह वह कथा है जो प्रेत योनि तक को मुक्ति प्रदान कर देती है।

SANWAL SENIOR SECONDARY SCHOOL
MALLITAL, NAINITAL
(Affiliated to CBSE Delhi)
Email :
sanwal_school@rediffmail.com
Phone : 05942-235747,
WhatsApp : 9837028277

शीघ्र आवश्यकता
ड्राइवर एवं आया

ड्राइविंग लाइसेंस, 2 साल का कार्य अनुभव, शारीरिक रूप से स्वस्थ इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य से अपने पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, बायोडाटा के साथ 24 जनवरी शुक्रवार 2025 समय प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक। जानकारी एवं फोटो व्हट्सएप नम्बर पर भेज सकते हैं। केवल चुने हुए व्यक्तियों को ड्राइविंग टेस्ट/ साक्षात्कार (इंटरव्यू) के लिए बुलाया जाएगा।

# जंगल में आग लगने से रास्ता भटके तीन ट्रेकर

देहरादून

हमारे संवाददाता

सोमवार देर शाम को जिला नियंत्रण कक्ष को सूचना मिली कि देवरियाताल-चोपता ट्रेक पर जंगल में आग लगी है जिस कारण वहां तीन ट्रेकर अलग-अलग जगह फंस गए हैं, जिसमें से एक के पैर पर चोट लगी है। वह चलने में असमर्थ है।

देवरियाताल-चोपता ट्रेक पर जंगल में आग लगने से तीन ट्रेकर रास्ता भटक गए थे। रेस्क्यू दल ने तीनों ट्रेकरों को कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बचा लिया। इस दौरान एक ट्रेकर घायल भी हो गया था जिसे अस्पताल में भर्ती किया गया। सभी ट्रेकर दिल्ली, बिहार और राजस्थान निवासी हैं। तीनों ट्रेकर तीन दिन पूर्व वन विभाग की अनुमति के बाद ट्रेकिंग के लिए निकले थे। बीते



सोमवार देर शाम को जिला नियंत्रण कक्ष को सूचना मिली कि देवरियाताल-चोपता ट्रेक पर जंगल में आग लगी है जिस कारण वहां तीन ट्रेकर अलग-अलग जगह फंस गए हैं, जिसमें से एक के पैर पर चोट लगी है। वह चलने में असमर्थ है।

इसके बाद एसडीआरएफ, डीडीआरएफ और पुलिस की टीम मौके के लिए रवाना हुई। रात 9.30 बजे टीम ने ट्रेकिंग रूट पर आठ किमी क्षेत्र में रेस्क्यू अभियान चलाया और घायल अधिराज चौहान (21), निवासी उदयपुर, राजस्थान को जंगल से रेस्क्यू किया। एसडीआरएफ की टीम घायल को स्ट्रेचर से आठ किमी पैदल मुख्य मार्ग तक लाई और अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं अन्य दो ट्रेकर नमन यादव, निवासी लाजपत नगर दिल्ली और समीर कुमार पांडेय को डीडीआरएफ व पुलिस टीम ने देर रात जंगल से खोज निकाला। दोनों युवकों को मुख्य मार्ग से होते हुए सड़क तक पहुंचाया गया। डीडीआरएफ के जवान राहुल कुमार ने बताया कि तीनों ट्रेकर तीन दिन पूर्व ट्रेकिंग के लिए पहुंचे थे। वह देवरियाताल भ्रमण के बाद वहां से चोपता के लिए निकले थे। मगर जंगल में आग लगने से घने धुएं के कारण वह रास्ता भटक गए थे।

# पुलिस बल ने निकाला निकाय चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से कराने को फ्लैग मार्च

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिला मुख्यालय नैनीताल में निकाय चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से कराने को लेकर मंगलवार को पुलिस बल के जवानों ने नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों से चुनाव शांति व्यवस्था बनाये रखने के साथ निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की।

बता दें कि 23 जनवरी (गुरुवार) को निकाय चुनाव के लिए पूरे उत्तराखंड में मतदान होना है जिसको लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुश्तैद हो गया है। गुरुवार को पुलिस कर्मियों ने नगर के बारापत्थर से सूखाताल, मल्लीताल बाजार से मॉल होते हुए तल्लीताल तक फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान सीओ प्रमोद कुमार साह, कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक उमेश मलिक, तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोहरा समेत एसएसआई दीपक सिंह बिष्ट समेत अन्य पुलिस अधिकारी व जवान मौजूद रहे।



# वाद- विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता में चाणक्य लॉ कालेज रुद्रपुर प्रथम

नैनीताल

हमारे संवाददाता

प्रतियोगिता

● राष्ट्रीय वन अकादमी देहरादून में आयोजित हुई प्रतियोगिता

जस्टिस केशव चन्द्र धूलिया कर्मभूमि फाउंडेशन द्वितीय वाद- विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता में कुमाऊं विश्वविद्यालय से संबंद्ध चाणक्य लॉ कालेज रुद्रपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बता दें प्रतियोगिता देहरादून में आयोजित की गयी। कालेज की छात्रा अदीबा अंसारी सर्वश्रेष्ठ वक्ता चुनी गयी। प्रतियोगिता में उत्तराखंड के आठ संस्थानों के 56 विधि छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी देहरादून में आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि अकादमी के निदेशक डा० जगमोहन शर्मा (आईएफ एस )थे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर संस्थान के विद्यार्थियों अदीबा अंसारी और प्रथम अवस्थी को 30 हजार रूपयें का नगद पुरस्कार और विजेता ट्रॉफ़ी प्रदान की गयी जबकि सर्वश्रेष्ठ वक्ता के पुरस्कार के रूप में अदीबा अंसारी को 10 हजार रूपये नगद प्रदान किये गये।

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्थान के चेयरमैन एस.पी. सिंह समेत प्रबन्ध निदेशक रविन्द्र सिंह बिष्ट, प्राचार्या डा० दीपाक्षी जोशी तथा प्राध्यापकगण एवं कर्मचारियों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी है। संस्थान के चेयरमैन एस.पी. सिंह द्वारा कहा गया कि छात्रों की इस उपलब्धि ने संस्थान का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। प्रबन्ध निदेशक रविन्द्र सिंह बिष्ट द्वारा कहा गया कि भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताओं में छात्रों को प्रतिभाग करने का अवसर संस्थान द्वारा दिया जाता रहेगा। प्राचार्या डा० दीपाक्षी जोशी ने कहा कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए छात्रों द्वारा जो कड़ी मेहनत की गयी वह सराहनीय है। इस अवसर पर प्राध्यापक सलीम अहमद, अनिल कुमार, आईशा आमीन, प्रतिभा सिंह, मनप्रीत कौर, अरविंद सिंह, डा० हरकमल कौर, उपासना तिवारी, डा० रूबीना, डा० निशा, कमलेश अवस्थी, अनुज सिंकदर ,मनोज आर्या, दीपक गोस्वामी तथा राम सेवक सिंह आदि उपस्थित रहें। दूसरी ओर संस्थान की बेहतरीन प्रदर्शन पर कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) तथा उत्तराखंड विश्वविधालय शिक्षक संघ (यूटा) के अध्यक्ष प्रो .ललित तिवारी तथा महासचिव डॉ विजय कुमार समेत दोनों संगठनों से जुड़े गुरुजनों ने खुशी जताते हुए विजेता टीम को बधाई दी है।

# पर्वतीय जिलों में आज बारिश के आसार

**देहरादून।** प्रदेश में सुबह की शुरुआत धूप के साथ हो रही है, लेकिन सुबह और शाम ठंड कंपा रही है। पहाड़ी इलाकों में पाला भी परेशान कर रहा है। उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में आज मौसम खराब होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र ने उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, टिहरी, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई हैं। जबकि, हरिद्वार, टिहरी, पौड़ी, देहरादून, ऊधमसिंह नगर और नैनीताल के कुछ इलाकों में बिजली चमकने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मंगलवार को देहरादून का अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री बढ़ोतरी के साथ दर्ज किया गया। यहां अधिकतम तापमान 23.1 और न्यूनतम तापमान नौ डिग्री रिकॉर्ड किया गया। आने वाले दिनों की बात करें तो केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 25 जनवरी तक प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहेगा।

# मौसम लेगी यू टर्न यूपी के जिलों में आज बारिश की चेतावनी

देहरादून

हमारे संवाददाता

प्रदेश में मौसम बुधवार से बदलने जा रहा है। पश्चिम यूपी के कई जिलों में आज हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके अलावा कोहरा भी दोबारा लौट सकता है।

प्रदेश में मौसम एक बार फिर बदलने जा रहा है। उत्तर प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों में बुधवार से मौसम में बदलाव की आहट है। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बुधवार को प्रदेश के 20 जिलों सहारनपुर, शामली, गाजियाबाद, नोएडा, मेरठ, अलीगढ़ आदि में गरज चमक के साथ बूंदाबांदी के संकेत दिए हैं। बुधवार से इन इलाकों में पछुआ हवा का रुख बदलकर पूर्वा हो जाएगा। वज्रपात की भी चेतावनी जारी



की है। तराई के सात जिलों में अत्यधिक कोहरे के ऑरेंज अलर्ट के साथ ही प्रदेश के 40 जिलों में घना कोहरा छाने की चेतावनी है। मंगलवार को यूपी के कुछ तराई जिलों को छोड़कर ज्यादातर इलाकों में अच्छी धूप खिली। तेज धूप की वजह से दिन के तापमान में बढ़ोतरी भी दिखी। वहीं 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पछुआ हवा चली। बुधवार से हवा की रफ्तार घटेगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि 22 व 23 जनवरी को नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से पश्चिमी यूपी कुछ हिस्सों में गरज चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल व आसपास के इलाकों में यहां वज्रपात की आशंका है। देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर व आसपास के इलाकों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट है। वहीं गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, बाराबंकी, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बिजनौर समेत 40 जिलों में घना कोहरा छाएगा।